RAJASTHAN ASSOCIATION GERMANY
RAG
GERMANY

Rajasthan Foundation
Connecting Non-Resident Rajasthanis

जर्मनी में राजस्थानी प्रवासियों ने धूमधाम से मनाया राजस्थानी वार्षिक उत्सव

राजस्थानी प्रवासी राजस्थान का अभिन्न अंग है। परदेस में मीलों दूर रहकर भी हमारे प्रवासी अपनी संस्कृति से जुड़े हुये हैं। राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से आने वाली पीढ़ी को भी राजस्थान की कला, संस्कृति और परंपराओं से जोड़ रहे हैं।

ऐसे ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन जर्मनी में राजस्थानी प्रवासियों ने किया। जर्मनी के स्टुटगार्ट में राजस्थानी मूल के प्रवासियों ने वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया। इस महोत्सव में जर्मनी के विभिन्न शहरों से आए प्रवासी राजस्थानी परिवारों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

नोखा मूल के महेंद्र राठी ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य राजस्थानी संस्कृति को प्रोत्साहित करने और लोगों को एक साथ लाने के लिए था। यहां लोगों ने अपनी परंपराओं, कला–सांस्कृतिक धरोहरों और जीवनशैली के बारे में विभिन्न पहलु जानने का मौका पाया। राजस्थान एसोसिएशन जर्मनी के संस्थापक राणा हरगोविंद सिंह जी ने सभी को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएँ दी और विधानसभा चुनाव में वोट देने की अपील की है।

Rajasthan Foundation
Connecting Non-Resident Rajasthanis

Rajasthan Foundation
Connecting Non-Resident Rajasthanis

आयोजन से जुड़े बीकानेर मूल के निवासी जसवंत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि इस महोत्सव में लोगों ने अपनी राजस्थानी वस्त्र, भोजन और संगीत के विभिन्न आयामों का आनंद लिया। यहां आयोजित रंगीन नृत्य और गायन समारोहों ने महोत्सव को और भी रंगीन बनाया।

सभी लोगों ने निश्चित किया कि अगला कार्यक्रम गणगौर पर आयोजित किया जाएगा और राजस्थानी संस्कृति को जर्मनी की धरा पर जीवंत किया जाएगा।

हमें गर्व है हमारे प्रवासी राजस्थानियों पर जो विदेश में रहकर भी अपनी परंपराओं का अनुसरण कर रहे हैं।
हमारे पूर्वजों द्वारा दिये गये संस्कारों और परंपराओं के कारण ही पूरे विश्व में रह रहे राजस्थानी मज़बूती के साथ एक दूसरे से जुड़े हुये हैं।

Rajasthan Foundation
Connecting Non-Resident Rajasthanis